नगरमें पूरे दिन बिजली संकटसे लोग परेशान

सुबहसे शाम तक चलने वाले मरम्मत कार्यसे लोग बेहाल

नगर में बिजली के मरम्मत के चलने वाले कार्यों के चलते पूरे दिन बिजली पानी के संकट से लोग परेशान हो रहे हैं। यही नहीं सुबह से शाम तक बिजली कटौती से उमस भरी गर्मी में लोग बेहाल हो रहे हैं। नगर के पुराने इलाकों जीरो रोड, खोवा मण्डी, जानसेनगंज, चौक में सुबह से शाम तक पहले बिजली गायब रहती हैं। फिर शाम से देर रात बिजली के आने जाने का सिलसिला घंटों चलता रहता हैं। इससे बाजारों में जगह जगह अंधेरा छाया रहता हैं। वहीं व्यापारियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। निरंतर बिजली गायब रहने से इनवर्टर भी ठप हो जाते हैं। हाल यह है कि नगरवासियों को बिजली के फाल्ट व मरम्मत के कार्य के चलते बिजली संकट से राहत नहीं मिल पा रही है। नवरात्र एवं दुर्गा पूजा पर्व आरम्भ हो गया है। इसके बावजूद पूरे दिन लोगों को बिजली पानी के संकट से जूझना पड़ रहा है। सुबह ग्यारह बजते ही नगर के दारागंज, अलोपीबाग, अल्लापुर, तुलारामबाग, मधवापुर, बैरहाना, गऊघाट, मुट्ठीगंज, रामबाग, साउथ मलाका, हीवेट रोड, लीडर रोड, तेलियरगंज, गोविंदपुर, सिविल लाइंस, कटरा, बेली, अशोक नगर, कल्याणी देवी, मीरापुर, कसारी मसारी, करेली, करेलाबाग, बमरौली, सलोरी, टैगोर टाउन, जार्जटाउन में सुबह बिजली गुल हो जाती है। शाम तक लोग बिजली के आने जाने का इंतजार करते हैं। शाम को जैसे तैसे बिजली आपूर्ति बहाल होती है। फिर बिजली लाइनों के ट्रिप होने से लोगों को परेशान होना पड़ता है। घंटों रोजाना कटौती का सामना करना पड़ रहा है। बिजली विभाग के अधिकारियों के मुताबिक इस समय जगह जगह ढ़ीले हो चुके तारों को कसा जा रहा है। इन इलाकों में रामदल निकलने और भव्य दुर्गा पूजा के पण्डाल सजाये जाते हैं। लाइटिंग से पूरे इलाके जगमगाते रहते हैं। ऐसे में निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति बनाये रखने के लिए बिजली के जरूरी मरम्मत कार्य निर्धारित किये गये हैं। बिजली के चलने वाले मरम्मत के कार्य के चलते दुश्वारियां बढ़ी हुई है। सुबह अचानक विद्युत उपकेन्द्रों से जुड़े इलाकों में ग्यारह बजते ही बिजली कटौती हो जाती है। इसके बाद बिजली कब आयेगी, यह बताने वाला कोई नहीं होता है। उमस भरी गर्मी मे बेहाल होने पर लोग फोन कर उपकेन्द्रों पर हाल लेने की कोशिश करते हैं तो कर्मचारियों द्वारा जरूरी मरम्मतके कार्य का हवाला दिया जाता है। इस दौरान सुबहसे शाम तक लोग पानी की किल्लत से जूझते रहते है।

छात्रावासोंमें अवैध कब्जेपर काररवाई आठ कमरे कराये गये खाली

इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रावासों में अवैध कब्जों के खिलाफ कुलानुशासक मंडल ने कार्रवाई की है। शुक्रवार को सर राधाकृष्णन छात्रावास में जांच अभियान चलाकर आठ कमरों को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया। वहीं, चालू सत्र की फीस जमा नहीं करने वाले २५ छात्रों को ७२ घंटे का समय दिया गया है। निर्धारित अवधि में फीस जमा नहीं करने पर उनके आवंटित कमरे खाली कराए जाएंगे। कुलानुशासक डॉ. अतुल नारायण सिंह के नेतृत्व में कुलानुशासक मंडल और अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालयके सदस्योंने यह कार्रवाई की। इसके अलावा सर गंगानाथ झा छात्रावास को मरम्मत और अनुरक्षण कार्य के लिए पूरी तरह खाली करा लिया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि छात्रावासों में आवंटन संबंधी नियमों का पालन सुनिश्चित करने और अनधिकृत कब्जे समाप्त करने के लिए अभियान चलाया गया है। साथ ही छात्रावासोंकी व्यवस्था को पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाने के लिए भी कदम उठाए जा रहे हैं।

महाकुंभमें लगी आधी स्पाइरल लाइट बंद, मोटिफ्स खराब, फर्म ब्लैक लिस्ट

नगर निगमके निरीक्षणमें खुली पोल, जमानत एवं रखरखावकी राशि जब्त

महाकुंभ-२०२५ के लिए नगर के सौंदर्यीकरण के क्रम में लगायी गयी स्पाइरल लाइट और मोटिफ्स में एक बड़ी लापरवाही उजागर हुई है। नगर निगम की नोटिस भेजने के बाद भी लाइटों के रखरखाव की गयी लापरवाही के कारण संबंधित फर्म को तीन साल के ब्लैक लिस्ट में डाल दिया गया और जमानत के साथ रखरखाव की धनराशि भी जब्त कर ली गयी है। मुख्य अभियंता विद्युत के अनुसार टेंडर के तहत लखनऊ मेसर्स क्लाइमेट को महाकुंभ में करीब साढ़े चार करोड़ की लागत से शहर में २८४२ स्पाइरल लाइट, २०८० मोटिफ्स एवं २८४२ रेल कलर स्ट्रीप लगाने की जिम्मेदारी दी थी। करीब साढ़े तीन वर्ष तक रखरखाव की भी जिम्मेदारी फर्म की थी। स्पाइरल एवं मोटिफ्स बंद होनेकी लगातार शिकायत मिलनेके बाद फर्मको लाइट दुरुस्त कराने के लिए कई बार नोटिस दिया गया लेकिन फर्म ने इसे गंभीरता से नहीं लिया, बल्कि झूठा कि कई लाइटें और विद्युत तार चोरी हो गया है। जिसकी जांच करायी गयी तो फर्म का कथन असत्य पाया गया। जिसके बाद भी नोटिस दी गयी। जिस पर फर्म ने लाइट दुरुस्त हो रही है का हवाला दिया। मामले की जांच में यह भी गलत पाया गया। जिस पर फर्म पर पांच लाख का अर्थदंड भी रोपित किया गया। जिस पर फर्म फिर वही पुराना राग अलापने लगी कि काम चल रहा है। इसका व्यापक रूप से निरीक्षण कराया गया तो पाया गया कि कहीं कोई काम नहीं हो रहा बल्कि १४५२ और २०८० मोटिफ्समें १५८४ बंद है। इस कृत्य के लिए फर्म को तीन साल के ब्लैक लिस्ट करते हुए जमानत एवं रखरखाव धनराशि ७०.६१ लाख रुपये जब्त किया गया है।

दूसरी महिलासे संबंधोंका विरोध करनेपर पत्नीका गला दबाया

शाहगंज में दूसरी महिला से कथित संबंधों का विरोध करने पर पति ने पत्नी का गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। आरोप है कि सात अक्टूबर को पति ने पहले पत्नी को बेरहमी से पीटा। इसके बाद जेठ, दोनों ननद और एक अन्य महिला ने भी उसके साथ मारपीट की। पीड़िता की तहरीरपर शाहगंज पुलिसने आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पीड़िता के अनुसार, वर्ष २०१९ में

पति सहित पांच नामजद जांचमें जुटी पुलिस

मुस्लिम रीति-रिवाज से उसकी शादी हुई थी। उसके दो बच्चे हैं। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद उसे पति के दूसरी महिला से कथित संबंधों की जानकारी हुई। इसका विरोध करने पर पति उसके साथ गालीगलौज और मारपीट करने लगा। आरोप है कि पति ने उसे और बच्चों को खर्च देना भी बंद कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि सात अक्टूबर की सुबह करीब ११ बजे पति ने उसके बाल पकड़कर लात-घूंसों और चप्पलों से पीटा। इस दौरान गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। शोर मचाने पर जेठ और दोनों ननद समेत अन्य लोग भी पहुंच गए और मारपीट करने लगे। आरोप है कि ससुराल वालों ने उसके जेवर और कपड़े छीन लिए। कपड़े फाड़ने के साथ ही मोबाइल फोन भी तोड़ दिया। पीड़िता का कहना है कि मोबाइल में आरोपितों की बातचीत की रिकॉर्डिंग थी। उसने अपनी और परिवार की जान को खतरा बताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

जिपं सभागारमें कार्मिकोंका प्रशिक्षण शुरू



इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव के लिए लगाए गए कार्मिकों का अंतिम प्रशिक्षण शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार में शुरू हो गया। प्रशिक्षण के लिए तीन पालियां निर्धारित की गई हैं। कार्मिक अपनी सुविधानुसार किसी भी पाली में पहुंचकर प्रशिक्षण ले सकते हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी उपमा पांडेय ने स्पष्ट किया है कि चुनाव ड्यूटी में लगाए गए सभी कार्मिकों के लिए प्रशिक्षण लेना अनिवार्य है। जो कार्मिक प्रशिक्षण में शामिल नहीं होंगे, उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। चुनाव को व्यवस्थित और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए कार्मिकों को मतदान संबंधी जिम्मेदारियों और प्रक्रियाओं की जानकारी दी जा रही है। प्रशासन का जोर है कि चुनाव ड्यूटी में लगाए गए सभी कार्मिक निर्धारित प्रक्रिया से भलीभांति परिचित हों, जिससे मतदान के दिन किसी तरह की परेशानी न हो।

नियमित शिक्षक होंगे तभी शुरू होगा नया सेल्फ फाइनेंस पाठ्यक्रम

इविविमें एकेडमिक काउंसिलकी बैठकमें लिया गया फैसला

इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) में अब नए सेल्फ फाइनेंस पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए नियमित शिक्षकों की उपलब्धता अनिवार्य होगी। शुक्रवार को कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में नॉर्थ हाल में हुई एकेडमिक काउंसिल की बैठक में इस पर चर्चा की गई। बैठक में शैक्षणिक गुणवत्ता बनाए रखने पर जोर देते हुए स्पष्ट किया गया कि नियमित शिक्षकों की व्यवस्था होने पर ही नए पाठ्यक्रम शुरू किए जा सकेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि केवल अंशकालिक या अतिथि शिक्षकों के भरोसे पढ़ाई की गुणवत्ता बनाए रखना मुश्किल है। ऐसे में नए पाठ्यक्रम शुरू करने से पहले शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करना जरूरी होगा। बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता से जुड़े अन्य बिंदुओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। इविवि के पांच छात्रावासों की दशा सुधारने के लिए पहले चरण में मरम्मत और रखरखाव का काम कराया जाएगा। शुक्रवार को कुलपति ने वार्डन और सुपरिटेंडेंट के साथ बैठक कर काम जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। मरम्मत के लिए चयनित छात्रावासों में पुरुषों के जीएन झा, ताराचंद और डायमंड जुबली हॉस्टल के साथ महिला छात्रावासों के प्रियदर्शिनी और सरोजिनी नायडू हॉस्टल शामिल हैं। यहां भवनों की मरम्मत के साथ बिजली, सीवेज और वाई-फाई समेत अन्य जरूरी सुविधाएं दुरुस्त की जाएंगी कुलपति ने कहा कि छात्रावासों में आवश्यक सुविधाएं बेहतर बनाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन हर जरूरी मदद उपलब्ध कराएगा। उन्होंने वार्डन और सुपरिटेंडेंट को मरम्मत और पुनर्निर्माण के कार्य प्राथमिकता से पूरा कराने का निर्देश दिया।

सरकार अविलम्ब महंगाई भत्ता घोषित करे- सुभाष चन्द्र

एजी आफिसके गेटपर कर्मचारियोंने की बैठक



एजी आफिस के गेट पर शुक्रवार को कर्मचारियों की एक बैठक हुई। कनफेडरेशन आफ सेंट्रल गवर्नमेंट इम्पलाइज एंड वर्कर्स, नेशनल कोआर्डिनेशन कमेटी आफ़ पेंशनर्स एसोसिएशन एवं आल इंडिया आडिट एंड अकाउंट्स एसोसिएशन ने आवाहन किया था। सभा में डीए अविलंब घोषित करने का प्रस्ताव रखा गया। कन्फेडेरशन आफ़ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्पलाइज एंड वर्कर्स के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र पाण्डेय ने कहा कि हमारी एक सूत्रीय मांग है कि सरकार अविलंब भारत सरकार के ४९ लाख कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता एव ६९ लाख पेंशनर्स के लिये महंगाई राहत की घोषणा करें। डीए की घोषणा न किए जाने से पूरे देश के कर्मचारियो, पेंशनर्स में काफी रोष है। आल इंडिया आडिट एंड अकाउंट पेंशनर एसोसिएशन के एडिशनल सेक्रेटरी जनरल ऋषिश्वर उपाध्याय ने कहा कोई भी लड़ाई बिना एकता के नहीं जीती जा सकती। प्रमोद कुमार मिश्र ने कहा कि सरकार को डीए की घोषणा करना चाहिए। कमला शंकर मिश्र ने कहा कि बिना संघर्ष के कर्मचारियों को कुछ भी नहीं मिलने वाला है। संचालन प्रमोद कुमार मिश्र ने किया। विनोद तिवारी, रवि श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार राय, मनोज कुमार श्रीवास्तव, राजेश कुमार, राकेश बनौधा, प्रखर कुमार, मयंक दुबे, शिव धनी विमल, आरपी सिंह, अशोक कुमार पांडेय रहे।

सेन्ट जान एम्बुलेन्स ब्रिगेडने की श्रद्धालुओंकी नि:शुल्क चिकित्सा

शारदीय नवरात्रि मेले के दौरान विंध्याचल रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं की सुविधा एवं स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए सेंट जान एम्बुलेंस ब्रिगेड, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल के मार्गदर्शन में नि:शुल्क प्राथमिक चिकित्सा शिविर संचालित किया जा रहा है। शिविर के माध्यम से अब तक ६१० से अधिक श्रद्धालुओं को प्राथमिक उपचार एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी सहायता प्रदान की जा चुकी है। वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी एवं डिवीजनल कमांडर (प्रशासन), सेंट जान एम्बुलेंस ब्रिगेड, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज अमित मालवीय तथा मंडल जनसम्पर्क अधिकारी अमित सिंह ने विंध्याचल रेलवे स्टेशन स्थित प्राथमिक चिकित्सा शिविर का निरीक्षण किया।

भाजपा कार्यकर्ता सजग एवं सतर्क होकर तैयारीमें जुटें-राकेश त्रिवेदी

महानगर प्रभारीने पार्टीके पदाधिकारियों और पोलिंग प्रभारियोंके साथ की बैठक

इलाहाबाद झांसी खंड स्नातक चुनाव को लेकर भाजपा संघटन पूरी मुस्तैदी से जुट गया है। महानगर के जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी ने पार्टी के पदाधिकारियों,कार्यकर्ताओं और पोलिंग प्रभारियों से सजग व सतर्क होकर रणनीति पर काम करने की अपील की।

पिछले कई दिनों से प्रवास कर रहे जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी ने शुक्रवार को शहर पश्चिमी विधानसभा के विभिन्न मंडलों में बैठक कर चुनाव में सफ़लता के लिए रणनीति तैयार की। जिला प्रभारी ने कहा कि कहीं से चूक न होने पाए इसका ध्यान रखना है। सजग व सतर्क होकर २३ अक्तूबर को मतदान करवाना है, इस रणनीति पर चलना है। मंडल अध्यक्ष अपने अपने मंडलों के पोलिंग बूथों पर नजर रखें।

काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष एवं इलाहाबाद झांसी खंड स्नातक चुनाव के सह संयोजक अवधेश चंद्र गुप्ता ने सिविल लाइन स्थित पार्टी कार्यालय में पोलिंग प्रभारियों की बैठक की।बैठक में भाजपा प्रयागराज महानगर के सभी १५ मंडलों के समस्त पोलिंग प्रभारी सम्मिलित हुए। बैठक में समन्वयक के रूप में भेजे गये एमएलसी अनूप गुप्ता ने बैठक को संबोधित करते हुए चुनाव की रणनीति पर चिंतन मंथन किया। अनूप गुप्ता ने कहा कि चुनाव को बिल्कुल भी हल्के में नहीं लेना है। कार्यकर्ता २३ तक सिर्फ अपने आवश्यक कार्यों को करते हुए स्नातक चुनाव मतदान पर फोकस करें। बैठक में महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, डा. शैलेश पांडेय, विजय श्रीवास्तव, पवन श्रीवास्तव, विवेक मिश्रा, मोहित गुप्ता सहित पोलिंग प्रभारी उपस्थित रहे।

२० साल पुराने मामलेमें आरोपितको राहत नहीं, समन आदेश रद करनेसे इनकार

(विधि संवाददाता)

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने करीब २० वर्ष पुराने आपराधिक परिवाद में सम्मन आदेश और पूरी कार्यवाही रद्द करने से इन्कार कर दिया है। न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान ने पद्माकर राय की याचिका पर यह आदेश पारित किया । कहा कि सम्मन आदेश की वैधता की समीक्षा इस स्तर पर नहीं की जा सकती।

पद्माकर राय के खिलाफ शशि देवी ने एमपी-एमएलए के विशेष न्यायालय (अपर सत्र न्यायाधीश), प्रयागराज में परिवाद दर्ज कराया है। ट्रायल कोर्ट ने २९ जून २००६ को उन्हें सम्मन जारी किया था।कहा गया कि पद्माकर राय लोक सेवक हैं और उनके अभियोजन के लिए आवश्यक स्वीकृति नहीं ली गई।

यह भी बताया गया कि मामले के अन्य आरोपी अलग ट्रायल के बाद बरी हो चुके है।

कोर्ट ने कहा अभियोजन स्वीकृति का मुद्दा क्षेत्राधिकार से जुड़ा जरूर है, लेकिन यह कानून और तथ्य का मिश्रित प्रश्न है। चूंकि कार्यवाही २० वर्ष से अधिक समय से चल रही है, इसलिए कोर्ट ने इस स्तर पर इसकी जांच करना उचित नहीं समझा। साथ ही, आवेदक को संबंधित अदालत में जाने की स्वतंत्रता दी गई और निर्देश दिया गया कि जमानत का निर्णय शीघ्रता से किया जाए।

दुर्गा पण्डालोंमें मानकोंके अनुरूप बिजली उपकरणोंका करें इस्तेमाल

पंडाल, दुर्गा पूजा, दशहरा, जागरण, भंडारा और धार्मिक आयोजनों में बिजली सुरक्षा के जरूरी नियम का पालन करने के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों ने कमेटियों को सलाह जारी की है। त्योहारों और धार्मिक आयोजनों के दौरान जगह-जगह आकर्षक पंडाल बनाए जाते हैं। इन पंडालों में रंग-बिरंगी झालरें, एलईडी लाइटें, पंखे, साउंड सिस्टम, जनरेटर और अन्य बिजली के उपकरण लगाए जाते हैं। लेकिन इनकी सजावट के बीच बिजली सुरक्षा की अनदेखी करना गंभीर हादसे का कारण बन सकता है। करंट लगने, शॉर्ट सर्किट होने, आग लगने और लोगों की जान को खतरा होने जैसी घटनाओं से बचने के लिए प्रत्येक पंडाल संचालक, आयोजन समिति और बिजली का काम करने वाले व्यक्ति को कुछ जरूरी सावधानियां अपनानी चाहिए। पंडाल में बिजली इस्तेमाल करने से पहले संबंधित बिजली विभाग से नियमानुसार अस्थायी कनेक्शन लें। स्वीकृत लोड के अनुसार ही बिजली का उपयोग करें।

भाकियू अराजनीतिकने समस्याओंको लेकर किया प्रदर्शन

किसानोंने डीएम के माध्यमसे मुख्यमंत्रीको सौंपा ज्ञापन

भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) ने किसानों की समस्याओं को लेकर शुक्रवार को प्रदर्शन किया। इस दौरान संघटन के पदाधिकारियों ने छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा एडीएम सिटी मंगलेश दुबे को सौंपा गया। भाकियू अराजनीतिक के अध्यक्ष बबलू दुबे ने बताया कि प्रमुख मांगों में गन्ने का मूल्य बढ़ाने की मांग की गयी है। यूनियन ने गन्ने का राज्य परामर्शित मूल्य बढ़ाकर ५०० रुपये प्रति क्विंटल करने की मांग रखी है। हाल ही में हुई बेमौसम बारिश और तेज हवाओं से धान, उड़द, मूंग आदि फसलों के नुकसान का सर्वे कराने और प्रभावित किसानों को फसल बीमा एवं त्वरित मुआवजा भुगतान देने की मांग की। कटाई के बाद खेतों व खलिहानों में रखी उपज को पहुंचे नुकसान को भी राहत में शामिल करने की मांग की है। आलू बीज की कीमत अधिकतम पन्द्रह सौ प्रति क्विंटल निर्धारित करने की मांग की है। ठेके और बटाई पर खेती करने वाले किसानों को भी नुकसान का मुआवजा देने और ग्राम पंचायत तथा कृषि विभाग के संयुक्त सत्यापन से वास्तविक किसानों की पहचान करने की मांग की गई।यूरिया और डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित करने, खाद की कालाबाजारी, जमाखोरी व निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली करने वालों के खिलाफ सख्त काररवाई की मांग उठाई गई।

सौरभकी बढ़त बरकरार, प्रवीण दूसरे और देवाशीष तीसरे स्थान पर

हाईकोर्ट बार चुनाव:कार्यकारिणी सदस्योंकी मतगणना जारी

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद के चुनाव में कार्यकारिणी सदस्य (पुरुष) के की मतगणना में सौरभ शुक्ला की बढ़त शुक्रवार को भी कायम रही। आचार्य प्रवीण तिवारी दूसरे स्थान पर चल रहे हैं, वहीं और कृष्ण मोहन सिंह को पीछे छोड़ देवाशीष त्रिपाठी तीसरे स्थान पर पहुंच गये हैं। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद के वार्षिक चुनाव २०२६-२७ की मतगणना में शुक्रवार को लाइब्रेरी हाल में कार्यकारिणी सदस्य (पुरुष) के १० पदों के २००० मतपत्रों की गणना हुई।मुख्य चुनाव अधिकारी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सैय्यद फरमान अहमद नकवी ने बताया कि मतगणना में अब तक प्रत्याशी सौरभ शुक्ला को ३०१,आचार्य प्रवीण तिवारी को २८५, देवाशीष त्रिपाठी को २६१,कृष्ण मोहन सिंह को २५२,चित्रांशु श्रीवास्तव को २४८,आदित्य सिंह को २३८,अंकुश यादव को २३२,अमित सिंह बिसेन को २२९,अभिषेक तिवारी को २४०,कुलदीप त्रिपाठी २२२, अखिलेश शुक्ला को २२०,अमित कुमार शुक्ला १२५, विनय कुमार साहू १२४, जफर अली को २१७, अफजद अली २१४, विनय कुमार साहू २१२, सचिन शर्मा २०९, मोहित कुमार तिवारी को २०८ मत मिले। कार्यकारिणी सदस्य के लिए कुल १०० प्रत्याशी चुनाव मैदान में है।

मतगणना के दौरान मुख्य चुनाव अधिकारी सैय्यद फरमान अहमद नकवी, चुनाव अधिकारी वशिष्ठ तिवारी, जेबी सिंह, अनुभव शुक्ला सहित अधिवक्ता सुभाष चन्द्र यादव, विक्रम बहादुर सिंह,अरूण कुमार सिंह, दीपक राणा, अनुज कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

दशहरेमें शानदार लाइटिंगसे जगमगायेंगे मुट्ठीगंजके चारों मार्ग

५० फीट गेटपर होगा भगवान श्रीरामका प्राचीनतम प्रासंगिक चित्रण



मुट्ठीगंज में १९, २० एवं २१ अक्तूबर को तीन दिवसीय दशहरे की रोशनी की तैयारी को लेकर रोशनी कमेटियों की शुक्रवार को बैठक हुई। इस मौके पर न्यू बाल संघ रोशनी कमेटी के अध्यक्ष उमेश चंद्र केसरवानी दादा ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि दशहरे की शान मुट्ठीगंज का चौराहा है जिसकी भव्यता के लिए शानदार लाइटिंग की व्यवस्था की जाती रही है। इस वर्ष भी मुट्ठीगंज चौराहे के चारों मार्ग शानदार रोशनी से जगमग रहेगा। प्राचीन एवं आधुनिक डिजिटल लाइटिंग सिस्टम से सजावट कर दशहरे की जगमगाहट को और खूबसूरत बनाएंगी मुट्ठीगंज चौराहे पर लगने वाले ५० फीट का भव्य लाइटिंग का गेट पर भगवान श्री राम की प्राचीनतम प्रासंगिक चित्रण को दर्शाया जाएगा जो भक्तों को मन को खूब भायेगा। संचालन करते हुए कमेटी के मंत्री राजेश केसरवानी ने बताया कि नवमी दशमी एकादशी को दशहरे की रोशनी को लेकर मुट्ठीगंज के चारों मार्ग के रोशनी कमेटी न्यू बाल संघ रोशनी कमेटी, सहयोग व्यापार मंडल रोशनी कमेटी, बाल संघ रोशनी कमेटी एवं मुट्ठीगंज रोशनी कमेटी गोलघर व्यापार मंडल रोशनी कमेटी ने अपनी पूरी तैयारी कर ली है। बैठक में शैलेंद्र कुमार गुप्ता अनमोल गुप्ता, राजकुमार जायसवाल, राजकुमार केसरवानी, सतीश चंद्र केसरवानी, सतीश केसरवानी, संतोष अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

स्पेशल गाड़ीका शकूरबस्ती स्टेशन तक विस्तार

उत्तर मध्य रेलवे द्वारा संगम नगरी और मिर्जापुर के विंध्य क्षेत्र से दिल्ली एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की ओर यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए रेल संपर्क को और विस्तृत करते हुए रेलगाड़ी संख्या ०२४१७ और ०२४१८ (प्रयागराज-दादरी) एवं ०४१६३ और ०४१६४ (नारायणपुर बाजार-दादरी) स्पेशल गाड़ी का शकूरबस्ती स्टेशन तक विस्तार किया गया है।

इस हेतु उत्तर मध्य रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष रेलगाड़ियों के परिचालन विस्तार का निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत गाड़ी संख्या ०२४१७ और ०२४१८ (प्रयागराज-दादरी-प्रयागराज) तथा गाड़ी संख्या ०४१६३ एवं ०४१६४ (नारायणपुर बाजार-दादरी-नारायणपुर बाजार) का प्रारम्भिक-अंतिम स्टेशन दादरी के स्थान पर परिवर्तित कर शकूरबस्ती कर दिया गया है। गाड़ी संख्या ०२४१७ (प्रयागराज-शकूरबस्ती) १४ दिसम्बर तक सप्ताह में चार दिन (रविवार, सोमवार, गुरुवार एवं शुक्रवार)प्रयागराज से संचालित होगी। गाड़ी संख्या ०२४१८ (शकूरबस्ती-प्रयागराज) १७ अक्तूबर से १७ दिसम्बर तक सप्ताह में चार दिन (बुधवार, गुरुवार, शनिवार एवं रविवार)शकूरबस्ती से संचालित होगी। गाड़ी संख्या ०४१६३ (नारायणपुर बाजार-शकूरबस्ती) १७ अक्तूबर से १६ दिसम्बर तक सप्ताह में तीन दिन (मंगलवार, बुधवार एवं शनिवार) नारायणपुर बाजार से संचालित होगी। गाड़ी संख्या ०४१६४ (शकूरबस्ती-नारायणपुर बाजार) १६ अक्तूबर से १५ दिसम्बर तक सप्ताह में तीन दिन (सोमवार, मंगलवार एवं शुक्रवार) शकूरबस्ती से संचालित होगी।

टीजीटी अंग्रेजी विषय का परिणाम घोषित

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड ने नियमावली १९९८ के नियम १२(८) के अनुसार अंग्रेजी विषय का चयन परिणाम, कटआफ एवं अन्तिम उत्तर कुंजी तथा हिन्दी विषय का संशोधित चयन परिणाम, संशोधित कटऑफ एवं अन्तिम उत्तर कुंजी आयोग द्वारा घोषित कर दिया गया है। दोनों विषयों का चयन परिणाम, कटआफ एवं अन्तिम उत्तर कुंजी आयोग की अधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देखी जा सकती है। उक्त चयन परिणाम उच्च न्यायालय में योजित याचिकाओं में पारित अन्तिम आदेश के अधीन रहेगा। यह जानकारी आयोग के उप सचिव ने देते हुए बताया कि अभ्यर्थियों के प्राप्तांक का विवरण आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपना अनुक्रमांक एवं जन्मतिथि अंकित कर एक सप्ताह तक देख सकते है। इस सम्बन्ध में सूचना का अधिकार अधिनियम २००५ के अन्तर्गत कोई सूचना दिया जाना सम्भव नहीं होगा।

मालूम हो कि प्रशिक्षित स्नातक विज्ञापन संख्या-०१/२०२२ में विज्ञापित कुल ३५३९ पदों के सापेक्ष अभिलेख सत्यापन के लिए निर्धारित तिथि एवं आयोग द्वारा पुनः निर्धारित की गयी थी। जिसकी तिथि के उपरान्त अभिलेख सत्यापन के लिए अनुपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों का अभ्यर्थन चयन निरस्त करते हुये परिणाम जारी किया गया है।

किसानोंको रास आ रही फूलोंकी खेती

पारंपरिक फसलों धान और गेहूं में रात-दिन मेहनत करने के बाद भी जब संतोषजनक परिणाम और अच्छी आमदनी नहीं मिलती, तो किसान अब आधुनिक और नगदी फसलों की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं। खेती पुश्तैनी व्यवसाय होने के कारण किसान इसे छोड़ना नहीं चाहते, बल्कि इसे अधिक से अधिक फायदेमंद बनाने के लिए नई-नई तकनीकें और नवीनतम तौर-तरीके सीख रहे हैं। यह बदलाव केवल प्रयागराज तक ही सीमित नहीं है, बल्कि जौनपुर, भदोही, कौशांबी, फतेहपुर, प्रतापगढ़, बांदा, चित्रकूट, गोंडा और मीरजापुर सहित आसपास के कई जिलों में देखने को मिल रहा है। किसानों की आमदनी बढ़ाने और उन्हें आधुनिक खेती से जोड़ने में संगम नगरी स्थित खुसरोबाग का औद्योगिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र बहुत बड़ा सहारा बन रह। यहां हर साल करीब हजारों किसानों को प्रशिक्षित किया जाता है। इस समय भी लगभग ८ जिलों के ७० किसान केंद्र में फूल, सब्जी की खेती और बागवानी का व्यावहारिक प्रशिक्षण ले रहे हैं। किसानों का कहना है कि 'धान और गेहूं की खेती में मेहनत के बावजूद सही मुनाफा नहीं मिलता। खेती हमारा पुश्तैनी काम है। इसलिए इसे लाभदायक बनाने के लिए अब आम का बाग लगाने की योजना बनाई है। पारंपरिक फसलों के साथ-साथ अब आम और अमरूद की बागवानी की जा रही है। प्रशिक्षण ले रहे है। बागवानी से खेती में अधिक फायदा होगा। पथारी इलाकों में धान और गेहूं की ही सीमित फसलें हो पाती हैं, इसलिए बेहतर कमाई के लिए आम व अमरूद के बाग लगाने की पहल हो रही है।

अभ्यर्थियोंने शिक्षा सेवा चयन आयोगके सचिवको सौंपा ज्ञापन



उत्तर प्रदेश प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक भर्ती २०२२ के अंग्रेजी विषय का परीक्षा परिणाम जल्द से जल्द जारी कराने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के सचिव को ज्ञापन सौंपा। अभ्यर्थियों ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार आयोग के समक्ष परिणाम घोषित करने या नियमानुसार आगे की काररवाई करने में अब कोई कानूनी या प्रशासनिक बाधा नहीं है। इसके बावजूद परिणाम लंबित रहने से हजारों अभ्यर्थियों के भविष्य, रोजगार और मानसिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अभ्यर्थियों की मुख्य मांगों में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश का विधिक परीक्षण कराकर आवश्यक कारर‍वाई पूरी की जाए। यदि कोई विधिक या प्रशासनिक बाधा नहीं है, तो यूपी टीजीटी २२ अंग्रेजी विषय का परीक्षा परिणाम तत्काल घोषित किया जाए। यदि परिणाम जारी करने में कोई तकनीकी या कानूनी रुकावट है, तो उसकी स्पष्ट जानकारी अभ्यर्थियों को दी जाए। इसके निवारण के लिए समयबद्ध कार्य योजना बनाई जाए। अंग्रेजी विषय के परिणाम से संबंधित आयोग की कमेटी की रिपोर्ट एवं अन्य आवश्यक औपचारिकताओं पर निर्णय लिया जाए। परिणाम जारी करने की संभावित तिथि के संबंध में आयोग द्वारा आधिकारिक सूचना जारी की जाए। राकेश तोमर, अखिलेन्द्र, पंकज शुक्ला, अरविंद आदि अभ्यर्थियों ने मांग की है कि आयोग पारदर्शिता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए अभ्यर्थियों को राहत प्रदान करे।

नौ माहमें १.८९ करोड़का मादक पदार्थ जब्त, २५ गिरफ्तार

उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मण्डल में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल के मार्गदर्शन में रेल परिसर एवं ट्रेनों में मादक पदार्थों की तस्करी तथा अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए निरंतर प्रभावी कारर‍वाई की जा रही है। इसी क्रम में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा आपरेशन 'नारकोस' के अंतर्गत मादक पदार्थों की बरामदगी और तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कारर‍वाई की जा रही है।

प्रयागराज मंडल में जनवरी से सितम्बर २०२६ तक आपरेशन 'नारकोस' के अंतर्गत एनडीपीएस अधिनियम के तहत कुल २१ मामलों का पता लगाकर कारर‍वाई की गयी। इन मामलों में कुल २५ व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। कारर‍वाई के दौरान गांजा तथा अल्प्राजोलम एवं डायजापाम जैसे नशीले पदार्थों को जब्त किया गया, जिनकी कुल अनुमानित कीमत १,८९,४६,६६५ है। इन २१ मामलों में मिर्जापुर में एक मामला, प्रयागराज में तीन मामले, कानपुर में १२ मामले, अलीगढ़ में तीन मामले एवं टूण्डला में दो मामले फर्ज किये गये। २० मामलों में १,८८,५०,५५० कीमत का गांजा एवं प्रयागराज छिवकी में ४७० नग कोडीन युक्त कफ सीरप बरामद किया गया। सितम्बर २०२६ के दौरान रेलवे सुरक्षा बल ने आपरेशन 'नारकोस' के अंतर्गत विशेष सतर्कता बरतते हुए एनडीपीएस अधिनियम के तहत कुल तीन मामलों का पता लगाकर कार्रवाई की। इन मामलों में कुल चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान ९,९५,९५० रुपये मूल्य का गांजा जब्त किया गया।

ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर : कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड

वर्ष-३१ पू.सं. (११३५३)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५

दूरभाषः २६१५०८०,२६१६१५४

E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।